नव वर्ष सन्देश 2020

पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश

ओ.पी. सिंह
आई.पी.एस.

पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0

गोमती नगर विस्तार, लखनऊ–226002
फोन नं. 0522–2390240 फैक्स नं.–2724009
सीयूजी नं. 9454400101
ई–मेल : police.up@nic.in
वेबसाईट : https://uppolice.gov.in

प्रिय साथियों,

आप एवं आपके परिवार को नववर्ष–2020 की हार्दिक शुभकामनायें। आने वाला नया वर्ष आपके परिवार एवं आपके जीवन में सुख–समृद्धि, उल्लास एवं आनन्द का संचार करे तथा आप सभी स्वस्थ एवं आनन्दित रहें।

विगत वर्ष में हमारे साथियों के सराहनीय योगदान से प्रयागराज में कुम्भ मेला सकुशल सम्पन्न हुआ, जिसकी देश–विदेशों में भी प्रशंसा हुई। साथ ही कुंभ पर्व के सफल आयोजन के लिये उ0प्र0 पुलिस को फिक्की, स्मार्ट पुलिसिंग अवार्ड–2019 प्राप्त हुआ। वर्ष 2019 उत्तर प्रदेश पुलिस के लिये नयी ऊंचाईयों और नयी उपलब्धियों का वर्ष रहा। इस वर्ष लखनऊ स्थित पुलिस मुख्यालय के नवीन भवन, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय सुलतानपुर, पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय जालौन तथा पुलिस कार्यालय जनपद शामली के नवीन भवन का लोकार्पण किया गया। आधुनिकीकरण के अन्तर्गत e-Court, e-Prison, e-Plan App, लखनऊ में नवीन कम्प्यूटर फोरेंसिक इकाई, साइबर लैब, वर्चुअल क्लास रूम के माध्यम से रिक्रूट आरक्षी प्रशिक्षण, एक्स्ट्रापावर फ्लीट कार्ड योजना, ऑन लाइन बजट मॉनीटरिंग सिस्टम, एकीकृत आपात सेवा 112 एवं वरिष्ठ नागरिक सुरक्षा पहल 'सवेरा' का शुभारम्भ किया गया। त्वरित प्रतिक्रिया हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस की आपात सेवा–112 को इन्टरनेशनल कॉल सेन्टर अवार्ड के रूप में विश्व में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ।

इस वर्ष 62वीं अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट एवं 47वीं अखिल भारतीय पुलिस साइंस कांग्रेस के सफल आयोजन का अवसर भी प्राप्त हुआ। इस वर्ष प्रवासी भारतीय सम्मेलन–वाराणसी, लोकसभा निर्वाचन–2019 तथा अयोध्या प्रकरण में सभी चुनौतियों का सामना करते हुये कानून–व्यवस्था की उत्कृष्ट स्थिति बनाये रखने में पुलिस की सजगता एवं त्वरित कार्यवाही से स्थिति को नियंत्रित किया गया, इसमें प्रदेश पुलिस के कार्य एवं आचरण की चारों ओर प्रशंसा हुयी। श्री अजीत डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार द्वारा अयोध्या प्रकरण में शान्ति एवं सौहार्द बनाये रखने के लिये उ0प्र0 पुलिस के अप्रतिम कार्यों का उल्लेख करते हुये भूरि–भूरि सराहना की गयी है।

आप सभी की सजगता एवं त्वरित कार्यवाही के फलस्वरूप अपराधियों में कानून का भय उत्पन्न होने से अपराध एवं अपराधियों पर नियन्त्रण प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों में प्रमुख रहा है। इस वर्ष प्रदेश के विभिन्न जनपदों के 25 हजार रूपये से ऊपर के 24 पुरस्कार घोषित अपराधी पुलिस कार्यवाहियों में मारे गये तथा 339 पुरस्कार घोषित अपराधी गिरफ्तार किये गये। POCSO Act के अपराधों में न्यूनतम समय में सजा के लक्ष्य को प्राप्त करते हुये 01–मृत्युदण्ड, 102–आजीवन कारावास एवं 384 वादों में अन्य दण्ड की सजा सुनिश्चित करायी गयी। प्रदेश पुलिस द्वारा 100 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 48,64,400 रूपये की भारतीय जाली मुद्रा बरामद की गयी तथा 8704 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से भारी मात्रा में हेरोइन, मारफीन, कोकीन, चरस, अफीम, गांजा, स्मैक, डोडा पोस्ता, भांग, नशीला पाउडर एवं नशीली गोलियां बरामद हुई। इसी के साथ अवैध शराब की तस्करी करने वाले 69,953 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध अंग्रेजी व देशी शराब बरामद की गयी तथा 141 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से कुल 33 अपहृतों को बरामद/मुक्त कराया गया, जिसके परिणाम स्वरूप अपराधों में व्यापक कमी आयी है। इस वर्ष बलात्कार में 28.06% हत्या में 9.46% लूट में 31.18% डकैती में 32.09% तथा बलवा में 35.11% की कमी आयी है। वर्तमान में प्रदेश में ऐसा कोई गम्भीर अपराधी नहीं है जो जेल के बाहर स्वच्छंद रूप से विचरण कर रहा हो। ऐसे अपराधी या तो जेल के अन्दर भेज दिये गये हैं या जमानत निरस्त कराकर स्वयं जेल चले गये हैं अथवा गिरफ्तारी के दौरान वे आत्मरक्षार्थ पुलिस/एसटीएफ की कार्यवाही में मारे गये हैं। यह आप सभी की सतर्कता से ड्यूटी एवं सतत प्रयत्नों का प्रतिफल है।

वर्ष 2019 में अब तक 05 पुलिस महानिदेशक, 09 अपर पुलिस महानिदेशक, 06 पुलिस महानिरीक्षक, 32 पुलिस उपमहानिरीक्षक पद पर, 16–सेलेक्शन ग्रेड, 24–जेए0जी0, 12–सीनियर स्केल एवं 17 पीपीएस से आईपीएस कुल 121 आई0पी0एस0 अधिकारियों की पदोन्नतियॉ हुई। इसी के साथ साथ अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की 80,405 भर्तियॉ एवं 46,928 पदोन्नतियॉ हुई हैं तथा 61,168 पदों के लिये भर्ती व 33,043 पदों हेतु पदोन्नति की कार्यवाही प्रचलित है। 4692 अराजपत्रित पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों जिन्होंने अच्छे कार्य किये हैं, उनको पदक/सम्मान चिन्ह प्रदान किया गया है।

पुलिस कर्मियों की सुख–सुविधा, शिक्षा, उनके कल्याण तथा स्वास्थ्य के लिये सब्सिडियरी कैंटीनों का शुभारम्भ एवं पुलिस परिवार व पेंशनरों को सी0जी0एच0एस0 की अनुमन्य दर पर चिकित्सीय सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैं।

हमारे लिये यह गर्व की बात है कि पुलिस की वर्दी धारण कर पीड़ितों को सहायता एवं दुष्ट व अपराधियों के प्रति कठोर कार्यवाही करने का सुअवसर हमको मिला है। हमें धैर्यपूर्वक, पूरी दृढ़ता एवं निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करना है। आम जनता के साथ हमारा व्यवहार मृदुल हो, पीड़ित जन की समस्या हम पूरी आत्मीयता से सुनें एवं उन्हें न्याय दिलायें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि आप में वह शक्ति विद्यमान है, जिसे जागृत कर आप प्रदेश का नाम उज्ज्वल करेंगे। पुनः आप तथा आपके परिवार को नव–वर्ष की हार्दिक शुमकामनायें।

जय हिन्द !

(ओ.पी. सिंह)
पुलिस महानिदेशक,
उत्तर प्रदेश